दिन– गुरूवार   दिनांक– 25/07/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।   अवधिः– 05 मिनट

विधान सभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन की कार्यवाही भी विपक्षी दलों के हंगामे के कारण प्रभावित हुई है। राजद, कांग्रेस और वाम दलों के सदस्यों ने अपराध, भ्रष्टाचार, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर पटना में हुये लाठी चार्ज और अन्य मुद्दों को लेकर आज सदन के बाहर और भीतर जमकर हंगामा किया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य सदन के बीचोबीच आकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। काफी देर नारेबाजी करने के बाद महागठबंधन के सदस्य सदन के बीच बैठ गये और समानांतर विधान सभा के संचालन का प्रयास भी किया। इस दौरान सीपीआई माले के महबूब आलम एक कुर्सी पर बैठकर पैरलल सदन का संचालन करते हुये दिखे। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने हंगामा कर रहे सदस्यों को बार–बार शांत कराने का प्रयास किया और कार्रवाई की चेतावनी भी दी। जिसका कोई असर नहीं हुआ। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बाधित रही। हालांकि अध्यक्ष ने भोजनावकाश से पहले प्रश्न काल, शून्यकाल और अन्य विधायी कार्य हंगामे के बीच ही पूरा कराया।

इधर, भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही प्रथम अनुपूरक बजट पर चर्चा के साथ शुरू हुई। विपक्षी दलों के सदस्यों ने फिर से सदन के बीचोबीच आकर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा और शोरशराबे के बीच अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही अपराह्न चार बजकर पचास मिनट तक स्थगित कर दिया।

———————————————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान राज्य में दस लाख नये किसान क्रेडिट कार्ड जारी किये जायेंगे। विधानसभा में आज भाजपा के विजय कुमार खेमका के एक प्रश्न के जवाब में कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य में अभी चालीस लाख किसानों के पास किसान क्रेडिट कार्ड हैं। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी की बैठक में बैंकों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए कहा गया है।

———————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो ने पटना में बड़ी कार्रवाई कर कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विभु विद्यार्थी को तीन लाख रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। टीम ने विभाग के प्रधान लिपिक सत्यनारायण कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————

मौसम विभाग ने आज और कल नवादा, नालंदा, गया, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर, बक्सर और सीवान समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में अनेक स्थानों पर वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

———————————————————

राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में बारिश के कारण गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती, कोसी और अधवारा समूह की नदियों के जलस्तर में विभिन्न स्थानों पर वृद्धि दर्ज की गयी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक नदी का जलस्तर पश्चिम चम्पारण के चटिया में बढ़ रहा है। वहीं, नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में खतरे के निशान से लगभग तीस सेंटीमीटर ऊपर बना हुआ है। बागमती नदी के जलस्तर में मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में वृद्धि दर्ज की गयी है। यहां नदी का जलस्तर खतरे के निशान से करीब आधा मीटर ऊपर दर्ज किया गया। अधवारा समूह के नदी का जलस्तर दरभंगा के एकमी घाट में बढ़ रहा है। इधर, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। महानंदा, परमान और अन्य नदियों का जलस्तर स्थिर बना हुआ है।

———————————————————

सारण जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अट्ठारह जुलाई से चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अब तक बत्तीस हजार नये लाभुकों का कार्ड बनाया गया है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।